# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति – दिनाकं 29.03.2024

**1.थाना फेस-3 नोएडा पुलिस द्वारा धोखाधडी व फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लाट बेचने के नाम पर करोड़ो रुपयो की ठगी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** दिनांक 20.02.2024 को वादी द्वारा धोखाधडी व फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लाट बेचने के नाम पर रुपयो की ठगी करने वाले अभियुक्त के विरूद्ध थाना फेस-3 पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर मु0अ0सं0 50/2024 धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि पंजीकृत कराया गया था।

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 29.03.2024** को थाना फेस-3 पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त फुरकान पुत्र स्व0 वहीद खाना को विवेचनात्मक कार्रवाई के दौरान पुलिस हिरासत में लिया गया। अभियुक्त द्वारा जनता के लोगों के साथ प्लाट देने के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर करोड़ो रुपये की ठगी की गयी है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण—**

1. फुरकान  पुत्र स्व0 वहीद खाना निवासी चन्दविहार कॉलोनी, मण्डावली, थाना मधुविहार, दिल्ली वर्तमान पता जोशी कॉलोनी, मण्डावली, थाना मधुविहार, दिल्ली उम्र करीब 48 वर्ष।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास--**

1. मु0अ0सं0 50/2024 धारा 419/420/467/468/471/120बी भादवि थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।
2. मु0अ0सं0 100/2024 धारा 420/467/468/471/120बी/504/506 भादवि थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।
3. मु0अ0सं0 101/2024 धारा 420/467/468/471/120बी/504/506 भादवि थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।
4. मु0अ0सं0 102/2024 धारा 420/467/468/471/406/120बी/504/506 भादवि थाना फेस-3, गौतमबुद्धनगर।

**2.थाना सेक्टर-63 नोएडा पुलिस द्वारा प्रेमिका की हत्या करने वाला हत्यारा प्रेमी/अभियुक्त गिरफ्तार, निशादेही से आला कत्ल (कपड़े की पट्टी) बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** दिनांक 28.03.2024 को वादी द्वारा थाना सेक्टर-63 पर प्रार्थना पत्र देकर वादी के गांव के ही रहने वाले धनन्जय पुत्र सरल राम द्वारा वादी की बेटी निशा उम्र 19 वर्ष की गला दबाकर हत्या कर देने के सम्बन्ध में दिया गया। प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना सेक्टर-63 नोएडा पर मु0अ0सं0 148/2024 धारा 302 भादवि बनाम धनन्जय उपरोक्त पंजीकृत किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

**कार्यवाही का विवरण--** उक्त घटना की गम्भीरता को देखते हुए थाना सेक्टर-63, नोएडा से उक्त मुकदमें में नामित/वांछित अभियुक्त धनन्जय की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित की गयी, जिसके क्रम में गठित टीम द्वारा मुकदमा पंजीकृत होने के मात्र 19 घंटे के अन्दर **दिनांक 29.03.2024** को लोकल इंटेलीजेंस एवं बीट पुलिसिंग की सहायता से उक्त मुकदमें में नामित/वांछित अभियुक्त धनन्जय पुत्र सरल राम को एसजेएम कट चौकी क्षेत्र छिजारसी से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल (कपड़े की पट्टी) बरामद की गयी। मृतका निशा के शव के पंचायतनामा, पोस्टमार्टम आदि की कार्यवाही पूर्व में की जा चुकी है।

**घटना का विवरण--** पूछताछ के दौरान अभियुक्त धनन्जय द्वारा बताया गया कि मैं तथा नीशा (मृतका) एक ही गांव के रहने वाले है। मैं पूर्व में दिल्ली मे वादी वाली बिल्डिंग मे ही किराए पर रहता था तथा करीब 02 वर्ष से छिजारसी मे आकर रह रहा था। मृतका निशा से मेरा करीब 01 वर्ष से प्रेम सम्बन्ध था। दिनांक 27.03.2024 को करीब 9ः30 बजे के लगभग मृतका मेरे कमरे पर आयी तथा हम दोनो कमरे मे आपस मे बातचीत करने लगे तो निशा मुझे कहने लगी कि तुम मुझसे शादी करो तो मैंने उसे समझाया कि मैं पहले से शादीशुदा हूँ जिसपर निशा मुझे धमकी देने लगी तब मैं डर गया और मेने कपडे की पट्टी से गला दबाकर निशा की हत्या कर दी।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण--**

1. धनन्जय पुत्र सरल राम निवासी ग्राम गड़वार, थाना गड़वार, जनपद बलिया वर्तमान पता छिजारसी कॉलोनी, थाना सेक्टर-63, नोएडा (उम्र 38 वर्ष)।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 148/2024 धारा 302 भादवि थाना सेक्टर-63, नोएडा।

**बरामदगी का विवरण--**

1. आला कत्ल कपड़े की पट्टी (गला दबाने में प्रयुक्त)

**3.थाना दादरी पुलिस द्वारा 02 शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का सामान व घटना मे प्रयुक्त स्कूटी होण्डा एक्टिवा बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण--** दिनांक 29.03.2024 को वादी द्वारा थाना दादरी पर लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरो द्वारा वादी के खेत में लगा पानी का इंजन व मेडा (जमीन एकसार करने वाला) व घोड (कद्दू) धान की रोपाई करने वाला चोरी कर लेने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 0153/2024 धारा 379 भादवि पंजीकृत कराया गया।

**कार्यवाही का विवरण-- दिनांक 29.03.2024** को थाना दादरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से 02 चोर 01.नदीम पुत्र जहूर 02. मयूर पुत्र जहूर को आमका रोड़ राणा का बाग के पास गोदाम से **गिरफ्तार** किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किया हुआ 01 इंजन (खुला हुआ) व 01 मेडा व 01 घोढ़ (कद्दू) व घटना मे प्रयुक्त स्कूटी होण्डा एक्टिवा रजिस्ट्रेशन नं0 यूपी 16 डीएल 1150 बरामद हुए है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण--**

1. नदीम पुत्र जहूर निवासी चाँद मस्जिद वाली गली, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर उम्र 27 वर्ष।
2. मयूर पुत्र जहूर निवासी चाँद मस्जिद वाली गली, थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर उम्र 25 वर्ष।

**आपराधिक इतिहास का विवरण--**

1. मु0अ0सं0 0153/2024 धारा 379/411 भादवि थाना दादरी, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर बनाम नदीम व मयूर उपरोक्त।
2. मु0अ0सं0 1016/2021 धारा 307 भादवि थाना दादरी, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर बनाम मयूर उपरोक्त।
3. मु0अ0सं0 1080/2021 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना दादरी, कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर बनाम मयूर उपरोक्त।

**बरामदगी का विवरण--**

1. 01 इंजन
2. 01 मेडा (जमीन एकसार करने वाला)
3. 01 घोड (कद्दू) धान की रोपाई करने वाला
4. 01 स्कूटी होण्डा एक्टिवा रजिस्ट्रेशन नं0 यूपी 16 डीएल 1150 (घटनाप्रयुक्त)